**भारत सरकार**

**जल शक्ति मंत्रालय**

**जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या *135**

**जिसका उत्तर 15 दिसंबर, 2022 को दिया जाना है।**

.....

**अटल भूजल योजना**

***135. सुश्री दिया कुमारी:**

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या अटल भूजल योजना राजस्थान राज्य में टिकाऊ भूजल प्रबंधन को सुगम बनाने में सफल रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) राजस्थान राज्य में अटल भूजल योजना के तहत लाभार्थियों का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) इस प्रयोजन के लिए संस्वीकृत और जारी की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है; और

(घ) राजस्थान सहित इस योजना के लिए चुने गए सात राज्यों में धनराशि के वितरण का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**जल शक्ति मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

**(क) से (घ):** विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

**"अटल भूजल योजना" के संबंध में लोक सभा में दिनांक 15.12.2022 को उत्तर दिए जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या*135 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

**(क):** अटल भूजल योजना को वर्ष 2020 में 7 राज्यों अर्थात गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के जल की कमी वाले चुनिंदा क्षेत्रों में समुदाय के नेतृत्व में सतत भूजल प्रबंधन के उद्देश्य से शुरू किया गया था। इस योजना को राजस्थान के 17 जिलों के 38 ब्लॉकों की 1140 ग्राम पंचायतों में कार्यान्वित किया गया है।

अटल भूजल योजना का निर्दिष्ट उद्देश्य समुदायों के नेतृत्व में सतत भूजल प्रबंधन करना है। इस योजना के उद्देश्य को हासिल करने के संदर्भ में सतत भूजल प्रबंधन को सुविधाजनक बनाने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यकलापों के माध्यम से समुदायों के व्यवहार में बदलाव लाया गया है।

राजस्थान की सभी 1140 ग्राम पंचायतों में समुदायों को मौजूदा ग्राम और जल स्वच्छता समितियों के माध्यम से इकट्ठा किया गया है और सूचित तथा विकेंद्रीकृत निर्णय लेने के लिए जल बजट में भूजल आंकड़ों के संग्रहण महत्व से संबंधित सूचना, शिक्षा और संप्रेषण (आईईसी) और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से क्षमता सृजन किया गया है। राजस्थान में समुदाय नेतृत्व वाली कुल 1140 जल सुरक्षा योजनाएं (डब्ल्यूएसपी) तैयार की गई हैं, जिनमें जल बजट और प्रस्तावित मांग पक्ष कार्यकलापों जैसे सूक्ष्म सिंचाई, फसलों का विविधीकरण, पाइपलाइनों का उपयोग आदि के साथ-साथ आपूर्ति पक्ष के कार्यकलापों जैसे चेक डैम, फार्म तालाब, रिचार्ज शॉफ्ट और अन्य कृत्रिम पुनर्भरण/जल संरक्षण संरचनाओं के बारे में विवरण शामिल हैं। विभिन्न केंद्र/राज्य सरकार की योजनाओं को एक साथ जोड़कर क्षेत्र में डब्ल्यूएसपी का कार्यान्वयन संबंधित विभागों द्वारा समुदायों की सक्रिय भागीदारी से किया जा रहा है।

**(ख)**: चूंकि, यह योजना सतत भूजल प्रबंधन में समुदायों की सक्रिय भागीदारी पर लक्षित है, इसलिए, बेहतर जल उपलब्धता और जल सुरक्षा के रूप में समुदायों को इस योजना से प्राप्त होने वाले लाभ सभी के लिए हैं। इसके अलावा, डब्ल्यूएसपी के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यों को संबंधित विभागों द्वारा उनकी स्वयं की निधियों के अभिसरण के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है।

**(ग) और (घ):** इस योजना के अंतर्गत निधियों को मोटे तौर पर दो घटकों में वर्गीकृत किया जाता है - संस्थागत सुदृढ़ीकरण और क्षमता निर्माण (आईएस और सीबी) जिसका उपयोग राज्य/जिले को नियुक्त करने, जिला कार्यान्वयन पार्टनरों, प्रशिक्षण, आईईसी कार्यकलापों, खरीद आदि और राज्यों को पूर्व-निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने के उपरांत दिए जाने वाले प्रोत्साहन में किया जाता है। इन दोनों

घटकों के अंतर्गत सभी 7 राज्यों के बीच आवंटित और जारी की गई निधियों का विवरण नीचे दिया गया है (12.12.2022 की स्थिति के अनुसार)-

(करोड़ रू.)

| क्र.सं. | राज्य | आवंटित निधि | | कुल आवंटन | जारी की गई निधियां | | जारी की गई कुल निधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आईएस और सीबी | प्रोत्साहन निधि | | आईएस और सीबी | प्रोत्साहन निधि | |
| **1** | **गुजरात** | 217.65 | 539.11 | **756.76** | 39.56 | 124.02 | **163.58** |
| **2** | **हरियाणा** | 252.67 | 470.52 | **723.19** | 40.75 | 97.38 | **138.13** |
| **3** | **कर्नाटक** | 194.51 | 1007.01 | **1201.52** | 60.21 | 77.93 | **138.14** |
| **4** | **मध्य प्रदेश** | 103.62 | 210.92 | **314.54** | 29.96 | 58.46 | **88.42** |
| **5** | **महाराष्ट्र** | 188.26 | 737.51 | **925.77** | 25.37 | 111.97 | **137.34** |
| **6** | **राजस्थान** | 164.68 | 1024.97 | **1189.65** | 45.61 | 118.37 | **163.98** |
| **7** | **उत्तर प्रदेश** | 119.28 | 609.96 | **729.24** | 28.41 | 33.25 | **61.66** |
| **कुल** | | **1240.67** | **4600** | **5840.67** | **269.87** | **621.39** | **891.25** |

*****